वर्ष 1 - अंक 33
शनिवार 28 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



# खबर का असर

## प्रशासन ने कसा शिकंजा

# भू माफिया

## मोहन पहवानी

## प्रशासन न भेजा कारण बताओ सूचना पत्र


वर्ष 1 - अंक 3
रणजीत टाइम्स
शासकीय भूमि पर अपना हक जमाए बैठे हैं..
भू माफिया मोहन पहवानी
पहवानी के खिलाफ की गई कलेक्टर कार्यालय में शिकायत
तो क्या इस बात से ये समझा जाए
भूमाफिया मोहन पहवानी
कलेक्टर कार्यालय में शिकायत


वर्ष 1 - अंक 6
बुधवार 20 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
खबर का असर
मोहन पहवानी द्वारा किए गए
अवैध कब्जे का
पटवारी द्वारा किया गया मुआयना



आदित्य शर्मा सह संपादक, रणजीत टाइम्स, 8224951278

**इंदौर।** इंदौर के समीप ग्राम सिंहाषा में बने आईटी पार्क के पास कैट की भूमि पर भू माफिया मोहन पहवानी ने अपना अवैध कब्जा करके रखा हुआ हे जिसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की गई एवं शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पटवारी दीपक हेमनानी द्वारा मौके का मुआयना किया गया एवं उसमें अवैध कब्जा पाया गया एवं पटवारी द्वारा मोहन पहवानी को निर्देश दिएगए कि आप ये कब्जा हटाए उसके उपरांत मोहन पहवानी द्वारा पटवारी दीपक हेमनानी को कहा कि में कब्जा पंद्रह दिन में हटा लूंगा परन्तु भू माफिया मोहन पहवानी द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया एवं हमारे द्वारा पुनः इसकी शिकायत पुनः प्रशासन को की गई एवं प्रशासन द्वारा भू माफिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।



# सिंहाषा की उपसरपंच की कुर्सी पर बैठे अर्जुन भीम सिंह राठौड़






**आदित्य शर्मा**

ग्राम पंचायत सिंहाषा में उपसरपंच के चुनाव हुए जिसमें अर्जुन भीम सिंह राठौड़ विजय हुए इक्कीस पंचों द्वारा मतदान किया गया जिसमें ग्यारह मत अर्जुन भीम सिंह राठौड़ को मिले वही नो मत अजय (अज्जू) यादव को प्राप्त हुए एवं एक मत रिजेक्ट हुआ सिंहाषा ग्राम पंचायत में पूर्व उपसरपंच ऋषि जी राठौड़ की मृत्यु के बाद ग्राम पंचायत में उपसरपंच की सीट खाली थी जिसपर उपचुनाव किया गया एवं अर्जुन भीम सिंह राठौड़ विजय हुए वही विजय होने पर उन्हें सदाशिव यादव जी अध्यक्ष जिला कॉग्रेस कमेटी इंदौर भीम सिंह राठौड़ अजय शर्मा संगठन मंत्री जिला कॉग्रेस कमेटी इंदौर कान्हा सिंह ठाकुर फारुख मंसूरी नारायण चौहान (सरपंच ग्राम पंचायत सिंहासा) दीपक तिवारी द्वारा उन्हें जीत की बधाई दी गई।

# शातिर वाहन चोर थाना खजराना की गिरफ्त में

## आरोपियों से चोरी किए 04 मोटर साइकिल बरामद

## घटना के बाद आरोपियान छोडकर चले जाते थे इंदौर पुलिस रिमांड लिया जाकर आरोपियान से अन्य वारदात में की जा रही है पुछताछ

**दीपक वाडेकर (संवाददाता)**

**इंदौर**। शहर मे अपराध एंव अपराधियों पर नियत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय श्री अमित सिंह, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय झोन 02 श्री अभिनय विश्वकर्मा, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय झोन 02 श्री अमरेन्द्र सिंह चौहान, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मण्डलोई द्वारा दिये गये है उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस थाना खजराना द्वारा वाहन चोरी, नकबजनी, आदि संपत्ति सबंधी अपराधों में आरोपियों की धर पकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 26/12/2024 को फरियादी ने थाना खजराना पर रिपोर् खिवाई थी कि रात्री में असरफी नगर में उसके घर के सामने से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर मोटर साइकिल Mp09DL 8160 कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गए थे फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खजराना पर अपराध क्रमांक 999/24 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर मामूर किए और लगातार cctv फुटेज चैक किए जिसमें मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पुलिस गिरफ्त मे लेकर1.निर्मल पिता जगदीश योगी 23 साल निवास ग्राम गाजना पोस्ट फूडरा तह. जावर जिला सीहोर 2.सुनील जोगी पिता दिनेश योगी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गाजना पोस्ट फूडरा तहसील जावर जिला सीहोर

3.संदीप पिता बद्रीलाल पाटिल उम्र 25 वर्ष निवासी 02 कृष्ण बाग बी सेक्टर कॉलोनी खजराना इंदौर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनसे थाना खजराना के अपराध क्रमांक 803/24, 1002/24 और सिलसिला क्रमांक 03/24 धारा 106 BNSS में चोरी गया माशुका बरामद किया गया।

**उक्त सराहनीय कार्य**

**थाना प्रभारी थाना खजराना निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव,SI अजय सिंह, Asi प्रवेश सिंह, Asi राकेश परमार प्रआर. लोकेन्द्र सिंह, प्र.आर अजीत, आर. शशांक चौधरी, अंशु, दिनेश, अरविंद, पप्पू रघुवंशी की मुख्य भूमिका रही है।**

# फरियादी के साथ हुयी मारपीट पर कोतवाली थाने में अपराध पंजीबध्द कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिर. कर जेल भेजा गया

**रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल(संवाददाता)**

दिनांक 27.12.24 को थाना कोतवाली पर फरियादी देवेन्द्र समाधिया पुत्र चीरहरण शर्मा उम्र 43 साल नि0 कालीमाता मंदिर के पास झांसी रोड शिवपुरी ने उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि आज दिनांक 27.12.24 के सुबह करीब 09 बजे की बात है।

**मैं अपने बेटे को...**

**फतेहपुर रोड़ स्थित होली बड्स स्कूल पर छोड़कर वापस अपने घर लोट रहा था जैसे ही मै फतेहपुर स्थित पुलिस लाईन के पास पहुँचा तो देखा कि फतेहपुर शमशान घाट तरफ से एक ट्रेक्टर ट्राली मे लाल मुरम भरकर रोड़ तरफ आ रहा था, तो मैने उस ट्रेक्टर ट्राली का फोटो खींच लिया।**

**फिर मैं ....**

शमशान घाट तरफ मुरम भरने वाले स्थान पर देखने चला गया जहाँ कुछ लोग खुदाई कर रहे थे। जब मैने उन लोगो से पूछा कि यहाँ खुदाई क्यो कर रहे हो इस पर वहाँ मौजूद लेवर ने मुझे बताया कि गजराज रावत खुदाई करवा रहा है। फिर यह जानकर मै अपनी मोटरसाईकिल से वापस रोड़ तरफ आया तभी पीछे से एक कार से गजराज रावत व उसका एक अन्य साथी आये और आते से ही मुझसे बोले कि तू ज्यादा वीडियों बना रहा है और मुझे माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियाँ देने लगे। मैने गालियाँ देने से मना किया तो गजराज रावत ने मेरे साथ हाथ थप्पड़ो से मारपीट करदी एवं वह लोग मेरी मोटरसाईकिल की चाबी व मेरा पहना हुआ स्वेटर को साथ ले गये, और दोनो मुझसे बोले कि दुबारा फतेहपुर तरफ दिखा तो जान से खत्म कर देंगे। फिर मै वहाँ से भाग कर सरस्वती विध्यापीठ स्कूल पहुँचा जहाँ आस पास के अन्य लोग आ गये। जिन्होने भी घटना देखी फिर मैने स्कूल के अन्दर छिपकर पुलिस को व सूचना दी एवं मौके पर पुलिस आ गयी थी उनके साथ थाने पर आया हूँ फरियादी की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 800/24 धारा 296,115(2).351(2),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं पुलिस व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपी गजराज रावत पुत्र मंगल सिंह रावत उम्र 50 साल नि0 ग्राम सतेरिया थान देहात शिवपुरी को धारा 170 बीएनएसएस में गिर0 कर माननीय एसडीएम कोर्ट भेजा गया जहाँ से आरोपी का जेल वारंट बनने से जिला जेल शिवपुरी में दाखिल कराया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली निरीक्षक कृपाल सिंह राठौड, उनि0 सुमित शर्मा, प्र. आर. 54 योगेश राठौड, प्र.आर. 722 राजवीर, आर0 431 सलमान की विशेष भूमिका रही।

# हिंदी में 700 करोड़ी क्लब की
## पहली फिल्म बनी पुष्पा 2




## मुफासा-वनवास ने की इतनी कमाई

बॉक्स ऑफिस पर 'पुष्पा 2' का दबदबा अब भी कायम है। इस फिल्म के आगे 'मुफासा द लायन किंग' और 'वनवास' कैसा प्रदर्शन कर रही हैं, आइए इस रिपोर्ट में जानते हैं।

सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इनमें सबसे ज्यादा गर्दा अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' उड़ा रही है। हाल ही में इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इसके अलावा पर्दे पर वनवास और मुफासा भी अपनी जगह बनाने की लगातार कोशिश में हैं। आइए जानते हैं कि मंगलवार को किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है।

'पुष्पा 2' की बादशाहत बरकरार- बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 की बादशाहत बरकरार है। फिल्म अपने तीसरे हफ्ते में भी शानदार कमाई कर रही है। पहले सप्ताह में इस फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर 725 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। केवल हिंदी में ही इसने 425.1 करोड़ का कलेक्शन कर डाला था। वहीं, दूसरे हफ्ते में यह फिल्म 196.5 करोड़ रुपये का व्यवसाय करने में सफल रही थी।

**तीसरे हफ्ते में हासिल किया बड़ा मुकाम-** पुष्पा 2 का तीसरे हफ्ते में भी शानदार सफर जारी है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब तक कई कारनामे कर चुकी है। 20वें दिन इस फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर 14.25 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे मंगलवार को फिल्म ने इतिहास रचते हुए 700 करोड़ क्लब की शुरूआत कर डाली। हिंदी भाषा में बनी कोई भी फिल्म अब तक ऐसा नहीं कर सकी है। फिल्म के कुल कारोबार की बात करें तो अब तक इसने 1089.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

**मुफासा- द लायन किंग-** मुफासा द लायन किंग भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार कर रही है। पुष्पा 2 के तूफान के बाद भी यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खीचने में कामयाब रही है। मंगलवार के दिन फिल्म के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। पांचवें दिन इस फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर 8.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म की कुल कमाई अब 53.35 करोड़ रुपये हो गई है।

**वनवास-** समीक्षकों की तारीफ के बाद भी वनवास दर्शकों पर अपनी छाप नहीं छोड़ सकी है। पुष्पा 2 और मुफासा की वजह से फिल्म को काफी नुकसान पहुंचा है। इस फिल्म ने पांचवें दिन महज 50 लाख रुपये की कमाई की। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक तीन करोड़ 85 लाख रुपये ही हो सका है।

# बार-बार शादीशुदा लोगों पर दिल हार बैठीं नगमा




नब्बे के दशक की अभिनेत्री नगमा का आज 50वां जन्मदिन है। अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में अपना सितारा बुलंद किया, लेकिन प्यार के मामले में वह बदकिस्मत ही रह गईं। अभिनेत्री का दिल हमेशा शादीशुदा लोगों पर ही आया। आइए जानते हैं उनके जीवन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें।

नब्बे के दशक की अभिनेत्री नगमा की खूबसूरती और अभिनय के लाखों दीवाने थे और आज भी हैं। अभिनेत्री भले ही रुपहले पर्दे से दूर हैं, पर अपने काम से उन्होंने मनोरंजन जगत में अपना लोहा मनवाया, जिसके लिए आज भी उन्हें सराहना मिलती है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक, पंजाबी से लेकर भोजपुरी भाषाओं की फिल्मों में नगमा ने काम किया। वह देश के बड़े-बड़े सितारों के साथ स्क्रीन साझा कर चुकी हैं। हालांकि, ये अदाकारा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। सबसे ज्यादा अभिनेत्री की लव लाइफ सुर्खियों में रही, उन्हें कई बार इश्क हुआ, लेकिन वह आज भी तन्हा हैं। आइए आज नगमा के जीवन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों को जानते हैं।

### फिल्मी दुनिया की रहीं टॉपर



### सौरव गांगुली से रिलेशनशिप

भारतीय टीम के दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली के साथ नगमा का नाम काफी दिनों तक सुर्खियों में रहा। दोनों एक साथ काफी समय बिताते थे। कहा जाता है कि दोनों के रिश्ते की भनक सौरव गांगुली की पत्नी को लग गई थी, जिसकी वजह से मुश्किलें खड़ी होने लगीं। हालांकि, बाद में दोनों का ब्रेकअप भी हो गया।

**नगमा का असली नाम-** अभिनेत्री नगमा को हम सभी उनके इसी नाम से जानते हैं, लेकिन उनका असली नाम नंदिता अरविंद मोरारजी है। नंदिता अरविंद मोरारजी उर्फ नगमा का जन्म 25 दिसम्बर 1974 को मुंबई में हुआ। नगमा की मां एक मुस्लिम थी और उनके पिता हिंदू। अभिनेत्री की मां शमा काजी ने अरविंद प्रताप सिंह मोरारजी से शादी की। हालांकि, बाद में दोनों अलग हो गए और उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली।

**फिल्मी करियर-** नगमा ने बॉलीवुड में साल 1990 में सलमान खान की फिल्म 'बागीः अ रिबेल लव स्टोरी' से डेब्यू किया। यह फिल्म 1990 की 7वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। इसके बाद वह 'बेवफा से वफा', 'दिलवाले कभी ना हारे', 'हस्ती', 'धरतीपुत्र', 'सुहाग', 'लाल बादशाह', 'कुंवारा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी और भोजपुरी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। भोजपुरी फिल्म गंगा और दुल्हा मिलल दिलदार के लिए भोजपुरी की बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी जीत चुकी हैं। नगमा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में खूब नाम और शोहरत कमाई। यहां तक की उनके फैंस ने उनके नाम पर एक मंदिर भी समर्पित कर दिया।

### किस-किस पर आया दिल

सौरव गांगुली से ब्रेकअप के बाद नगमा को दक्षिण भारतीय अभिनेता शरथ कुमार से प्यार हो गया। नगमा की मुलाकात जब शरथ कुमार से हुई तो वह शादीशुदा थे। नगमा और शरथ कुमार का रिलेशनशिप काफी टाक्सिक रहा। दरअसल, जैसे ही शरथ कुमार की पत्नी को यह पता चला कि नगमा से उनका अफेयर चल रहा है, उन्होंने उन्हें छोड़ दिया और तलाक के लिए अर्जी दे दी। विवाद के बाद नगमा ने शरथ कुमार से अलग होने का फैसला कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक शरथ कुमार ने उन्हें धमकियां देनी शुरू कर दी थी, जिसके बाद अभिनेत्री को साउथ इंडस्ट्री छोड़नी पड़ी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के बाद उन्होंने दोबार बॉलीवुड का रुख किया, फिर वह भोजपुरी फिल्मों में आ गईं। एक बार फिर नगमा का दिल शादीशुदा अभिनेता रवि किशन पर आ गया। हालांकि, अभिनेत्री ने कभी भी रवि किशन के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया। नगमा के लव लाइफ के चर्चे तो खूब रहें, लेकिन आज भी वह सिंगल हैं।

### राजनीति में भी किस्मत ने नहीं दिया साथ

सफल फिल्मी करियर और हादसों से भरे लव लाइफ के बाद नगमा ने राजनीति का दामन थामा। साल 2004 में वह कांग्रेस पार्टी से इस मैदान में उतरीं। कांग्रेस पार्टी ने साल 2014 में नगमा को यूपी के मेरठ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। इसी साल एक जनसभा के दौरान उनके साथ बदसलूकी हुई, जिसके बाद उन्होंने ऐसा करने वाले को थप्पड़ मार दिया और जनसभा को बीच में ही छोड़कर चली गईं।

## बेबी जॉन में सलमान के किरदार का खुलासा

# एटली ने ये रखा अपने नए हीरो का नाम

अभिनेता वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन इसके निमार्ता एटली द्वारा निर्देशित फिल्म थेरी की ही रीमेक है, बस फिल्म को थोड़ा नया लुक देने के लिए इसमें जैकी श्रॉफ का किरदार खूंखार बना दिया गया।

अब जबकि करीब करीब ये सबको पता चल चुका है कि अभिनेता वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन इसके निमार्ता एटली द्वारा निर्देशित फिल्म थेरी की ही रीमेक है, बस फिल्म को थोड़ा नया लुक देने के लिए इसमें जैकी श्रॉफ का किरदार खूंखार बना दिया गया। लेकिन, फिल्म को लेकर असली हाइप बनी है इसमें अभिनेता सलमान खान का एक दमदार कैमियो होने की खबर सामने आने के बाद से। फिल्म के निमार्ता मुराद खेतानी बताते हैं कि इस कैमियो के लिए उन्हें सलमान से बात करने के लिए कितनी हिम्मत जुटानी पड़ी थी।

फिल्म एनिमल और उसके पहले फिल्म कबीर सिंह का पूरा साज बाज निर्माता मुराद खेतानी का ही तैयार किया हुआ है। फिल्म कबीर सिंह के बाद मुराद खेतानी ही निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी को टी सीरीज की फिल्म




एनिमल के निर्देशन के लिए मनाकर लाए थे। लेकिन, बाद में टी सीरीज ने ये पूरा प्रोजेक्ट खुद अपने अधिकार में ले लिया और मामला अदालत तक जा पहुंचा था और पलड़ा मुराद खेतानी के हक में ही झुका था। इन्हीं मुराद खेतान ने फिल्म बेबी जॉन इस बार जियो स्टूडियोज के साथ बनाई है। बेबी जॉन का पूरा गणित बिठाने की सबसे पहले मुराद खेतानी ही वरुण धवन को फिल्म में लेकर आए। इसके बाद एटली ने मुराद खेतानी के साथ मिलकर अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत इस फिल्म का निर्माण किया। बेबी जॉन का निर्देशन एटली के असिस्टेंट रहे कालीस ने किया है। वरुण धवन का बाजार चूंकि बीते कई साल से बड़े परदे पर ठंडा ही रहा है, लिहाजा फिल्म को थोड़ी गर्मी देने के लिए मुराद खेतानी ने इसमें सलमान खान का एक कैमियो रखा है। इसके लिए सलमान से वह बात कैसे करें, इसके लिए उन्होंने खुद को तैयार करने में पूरा एक घंटा लगाया।

- एक कार्यक्रम में मिले मुराद खेतानी ने जब सलमान खान से इसके लिए बात चलाई तो बताते हैं कि सलमान खान ने हां करने में 10 सेकंड भी नहीं लगाए। एटली की फिल्म जवान से सलमान खासे प्रभावित रहे हैं और जल्द ही वह उनके साथ एक हिंदी फिल्म शुरू करने वाले हैं।
- एटली ने सलमान खान के लिए एक खास एक्शन फिल्म का ताना बाना बुना है और सलमान को उम्मीद है कि ये फिल्म उनका चमक खोते करियर की दमक फिर से बढ़ा देगी।
- फिल्म बेबी जॉन के मंगलवार को मुंबई में कुछ खास शोज हुए हैं। इन शोज में शामिल रहे कलाकारों के मुताबिक फिल्म में सलमान खान का कैमियो बहुत ही शानदार तरीके से शूट किया गया है। ये कुछ कुछ फिल्म पुष्पा और पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन पर फिल्माए गए स्टंट दृश्यों जैसा है।
- स्क्रीन पर इस दौरान उनका नाम एजेंट भाईजान लिखकर भी आता है। फिल्म में सलमान खान की मौजूदगी इस फिल्म की सीक्वल की संभावनाएं भी खोलती है।

# मोबाइल लूटने वाले शातिर आरोपी, पुलिस की त्वरित कार्यवाही से रंगेहाथों आ गए गिरफ्त में

- यातायात पुलिस के आरक्षकों की तत्परता से तत्काल पकड़ाए मोबाइल छीनने वाले दोनों शातिर अपराधी
- घटना के बाद फरियादी ने ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षक से मांगी मदद, आरक्षकों ने बदमाशों का पीछा कर मोटरसाइकिल गिरा कर आरोपियों को धरदबोचा।
- मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती लगभग 90 हजार जप्त





इंदौर शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु क्षेत्र में सघन चेकिंग व पेट्रोलिंग के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिये गए है।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शाम के समय अधिक से अधिक पुलिस चौराहे पर ड्यूटी, विजुअलिटी एवं अपराधों की रोकथाम हेतु लगी हुई है, इसी के परिणाम स्वरूप कल दिनांक 26.12.24 को रात्रि करीब 11.00 बजे फरियादी हुकुमचंद चौधरी नि चौहान नगर इंदौर, कहीं बाहर से अपने मित्र के साथ लौटे थे एवं वर्ल्ड कप चौराहे पर उतर कर अपने घर, पापा बेकरी की तरफ पैदल-पैदल जा रहे थे, इसी दौरान दो बदमाश एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और फरियादी का मोबाइल झपट कर ले गए । फरियादी द्वारा वहीं चौराहे ड्यूटी पर मौजूद यातायात पुलिस के आरक्षकों मनोज शर्मा एवं विजयपाल तोमर को घटना बताने पर आरक्षकों ने तुरंत अपनी मोटरसाइकिल से आरोपियों का पीछ करने लगे तो थोड़ी दूर पर जाकर आरोपी हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल सहित गिर पड़े जिससे दोनों के पैरों में चोटें भी आई है। आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से फरियादी का मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना तिलक नगर इंदौर पर अपराध क्रमांक 407/ 24 धारा 304(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया है । आरोपियों से अन्य अपराधों के संबंध में एवं घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।दोनो आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड भी हैं। डीसीपी जोन 2 श्री अभिनय विश्वकर्मा द्वारा दोनों यातायात पुलिस आरक्षकों की तत्परता एवं कार्य कुशलता की सराहना कर उचित ईनाम देने की घोषणा की है।

### आरोपियों का विवरण

1. नितेश चावले उम्र 20 साल निवासी इदरीश नगर मूसाखेड़ी इंदौर एवं
2. अजय जायसवाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम इटावा जिला देवास

हाल मुकाम देवगुराडिया मंदिर के पास इंदौर जप्त संपत्ति का विवरण एक मोबाइल एवं एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमती लगभग 90000 रुपए

उक्त कार्यवाही में यातायात आरक्षक 2003 मनोज शर्मा एवं आरक्षक 3702 विजयपाल तोमर की सराहनीय भूमिका रही , इसके अतिरिक्त थाना तिलक नगर से सउनि संजय चौहान, 3273 विश्वनाथ मालवीय, प्र आर 3016 मुज्फर की महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज






सोनकच्छ तहसीलदार मनीष जैन को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त टीम ने पकड़ा

### राजेंद्र नगर क्षेत्र में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

इंदौर। रात करीब 11 बजे राजेंद्र नगर क्षेत्र के कुंदन नगर में रहने वाले डॉक्टर सुनील साहू को कैंट रोड पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी । सुनील को निजी अस्पताल ले जाया गया जहा उनकी मौत हो गई। कारण और हमलावर फिलहाल अज्ञात है..

# 31 दिसंबर को आबकारी सख्त, होटल, रेस्टॉरेंट, रिसोर्ट और फार्म हाउस रहेंगे आबकारी की निगरानी के दायरे में

शराब पार्टियों के लिए शहर में कई जगह हो रही है बुकिंग, आबकारी अलर्ट मोड पर

31 दिसंबर/ नए साल शराब पार्टी करने हेतु लेना होगा लाइसेंस, बिना लाइसेंस शराब पार्टी करने पर होगी कार्यवाही

**इंदौर।** शहर के कई रेस्टॉरेंट, होटल, रिसोर्ट और फार्म तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। 31 दिसंबर की रात की पार्टियों की बुकिंग हो रही है। नए साल की जश्न की पार्टियों में शराब परोसने की बात भी की जा रही है। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे को दिए गये निर्देश के तारतम्य में आबकारी विभाग का अमला भी सक्रिय हो गया है। जिन भी होटल, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस और रिसोर्ट में नए साल की शराब पार्टी के लिए बुकिंग की जा रही है, ऐसे स्थान आबकारी विभाग द्वारा अपने विभिन्न माध्यमो/सोशल मीडिया आदि के द्वारा चिह्नित किए जा रहे हैं। आयोजकों से कहा जा रहा है कि उन्हें शराब पार्टी करना है तो इसके लिए आबकारी विभाग से एक दिन का आकस्मिक लाइसेंस अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें, बगैर लाइसेंस के कहीं भी शराब पार्टी कराई गई तो आयोजकों के साथ ही पार्टियों में शराब सेवन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक दिन का लाइसेंस देता है विभाग किसी भी सेलिब्रेशन पार्टी में अधिकृत रूप से शराब परोसने और सेवन के लिए आबकारी विभाग द्वारा एक दिन का आकस्मिक लाइसेंस दिया जाता है। यह लाइसेंस लेकर चिन्हित जगहों पर तय अवधि में शराब पार्टी कराई जा सकती है। निर्धारित फीस ऑनलाइन जमा कर लाइसेंस ले सकते हैं। नए साल की सेलीब्रेशन पार्टी 31 दिसंबर को शाम से ही शुरू हो जाती हैं। बार लाइसेंस और आकस्मिक रूप से जारी लाइसेंस में शराब परोसने का अंतिम समय रात्रि 11:30 बजे का है । 12 बजे तक उपभोग का समय है। विभाग द्वारा पूर्व से ही पब और बार की मॉनिटरिंग एआई बेस्ड सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से की जा रही है। इस दिन भी कंट्रोल रूम पर विशेष टीम के माध्यम से इनकी मॉनिटरिंग की जाएगी और जो आकस्मिक लाइसेंस जारी होंगे वहाँ पर भी 12 बजे बाद शराब का सेवन न हो इसके लिए विभाग की विभिन्न टीमें शहर में सघन गश्त करेंगी। यदि कहीं इसके उल्लंघन का मामला पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।